530. निम्नलिखित अभयारण्यों में से कौन सा उड़न गिलहरी के लिए प्रसिद्ध है?

(a) बस्सी (b) नाहरगढ़

(c) सीतामाता (d) सरिस्का

वनपाल भर्ती परीक्षा-2020 date 06.11.2020 Shift-I
Lab Assistant Home Science 30.06.2022
कृषि पर्यवेक्षक परीक्षा 2018
कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल) संायुक्त भर्ती परीक्षा 2020
कनिष्ठ अनुदेशक भर्ती परीक्षा 23.12.2019

Ans. (c) : सीतामाता वन अभयारण्य उड़न गिलहरी के लिए प्रसिद्ध है। यह अभयारण्य राजस्थान के प्रतापगढ़ एवं चित्तौड़गढ़ जिले में स्थित है। इसकी स्थापना वर्ष 1979 में हुई थी। यह 'उड़न गिलहरियों का स्वर्ग' उपनाम से विख्यात है।

531. राजस्थान में सीतामाता अभयारण्य प्रसिद्ध है-

(a) काले हिरण के लिए (b) उड़न गिलहरी के लिए

(c) सारस के लिए (d) शेर के लिए

LDC Exam 09.08.2018

Ans. (b) उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

532. सीतामाता वन्यजीव अभयारण्य राजस्थान के किस जिले में अवस्थित है?

(a) सिरोही (b) प्रतापगढ़

(c) उदयपुर (d) कोटा

RPSC Van Rakshak 11.12.2020 (3 to 5 pm)

Ans. (b) :उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें

533. निम्नांकित में से कौन सा राष्ट्रीय पार्क/वन्यजीव अभयारण्य सबसे बड़ा है?

(a) केलादेवी अभयारण्य

(b) कुम्भलगढ़ अभयारण्य

(c) सरिस्का अभयारण्य

(d) फूलवारी की नाल अभयारण्य

पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड-III परीक्षा तिथि:19-09-2020

Ans. (a) उपर्युक्त विकल्पों में केलादेवी अभ्यारण सबसे बड़ा वन्य जीव अभ्यारण्य है। यह राजस्थान के करौली एवं सवाई माधोपुर जिले में स्थित है जो राजस्थान-मध्यप्रदेश की सीमा से लगा हुआ है। अभ्यारण्य के पश्चिमी किनारे पर बनास नदी बहती है जबकि दक्षिण-पूर्व दिशा में चम्बल नदी का प्रवाह है। केलादेवी वन्यजीव अभ्यारण्य का क्षेत्रफल 676.82 वर्ग किमी, कुम्भलगढ़ का 610.52 वर्ग किमी, सरिस्का अभ्यारण्य का 491.99 वर्ग किमी तथा फूलवारी की नाल अभ्याण्य का 511.41 वर्ग किमी है।

534. निम्नलिखित में से कौन सा अभयारण्य करौली जिले में स्थित है?

(a) बंद बारेठा (b) कैला देवी

(c) गजनेर (d) सोरसान

Pashudhan Sahayak Date. 04.06.2022

Ans. (b) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

535. कैलादेवी अभयारण्य राजस्थान के किस जिले में स्थित है?

(a) सवाई माधोपुर (b) भरतपुर

(c) धौलपुर (d) दौसा

हाथकरघा निरीक्षक (उद्योग विभाग) भर्ती परीक्षा -2018

Ans. (a) उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

536. निम्नलिखित युग्मों में से कौन सा सही सुमेलित नहीं है?

वन्यजीव अभयारण्य	**जिला**
(a) वन विहार	– धौलपुर
(b) फुलवारी की नाल	– उदयपुर
(c) कैलादेवी	– भरतपुर
(d) शेरगढ़	– बाराँ

वनपाल भर्ती परीक्षा-2020 date 06.11.2020 Shift-I

Ans. (c) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

537. राजस्थान सरकार ने हाल ही में तेंदुए के संरक्षण के लिए पायलट प्रोजेक्ट शुरू किए हैं। निम्नलिखित में से कौन तेंदुआ पायलट प्रोजेक्टों में शामिल नहीं है?

(a) जयसमंद अभ्यारण्य (उदयपुर)

(b) कुंभलगढ़ अभ्यारण्य– रावली टॉडगढ़ अभ्यारण (अरावली पहाड़ियों का फैलाव अजमेर से उदयपुर तक फैला हुआ है)

(c) झालाना अमागढ़ संरक्षण रिज़र्व (जयपुर)

(d) मनसा माता संरक्षण रिज़र्व (झुंझुनू)

वन रक्षक-2020 दिनांक 12-11-2022 Shift-I

Ans. (d) : राजस्थान देश का पहला राज्य है जिसने तेन्दुओं को बचाने तथा उनके संरक्षण हेतु तेन्दुआ पायलट प्रोजेक्ट को शुरू किया है। मार्च 2017 में मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने इसका शुभारम्भ किया। इस प्राजेक्ट में जयसमंद अभ्यारण, कुंभलगढ़ अभ्यारण तथा झालना आमागढ़ संरक्षण रिजर्व (जयपुर) को शामिल किया गया है जबकि मनसा माता रिजर्व (झुंझुनू) इसको शामिल नही हैं वर्तमान में इस प्रोजेक्ट में कुल 8 अभ्यारण शामिल किये जा चुके हैं।

538. राजस्थान का पहला भालू अभ्यारण्य है–

(a) तालछापर (b) कनक सागर

(c) बंध बरेठा (d) सुंधा माता

RPSC वन रक्षक भर्ती परीक्षा-2020 दिनांक 13-11-2022

Ans. (d) : राजस्थान का पहला एवं देश का चौथा भालू अभ्यारण्य सुंघा माता हैं यह लगभग 117 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। यह अभ्यारण्य राजस्थान के जालौर और सिरोही जिलों में अवस्थित है।

539. राजस्थान में भालूओं का पहला संरक्षित क्षेत्र कौन सा है?

(a) सुन्धमाला संरक्षित क्षेत्र (b) शाकम्भरी संरक्षित क्षेत्र

(c) गोथेलाल संरक्षित क्षेत्र (d) रोटू संरक्षित क्षेत्र

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (अस्त्रक्षेप) भर्ती परीक्षा-2019

Ans. (a) उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

540. निम्नलिखित में से कौन सा अभयारण्य राजस्थान में स्थित नहीं है?

(a) मानस (b) सीता माता

(c) शेरगढ़ (d) रामसागर

वनपाल भर्ती परीक्षा-2020 (06.11.2022)